## पूर्व प्रधानमंत्री पंडित नेहरू की पुण्यतिथि मनाई



**बड़वानी।** कांग्रेसजनों द्वारा मंगलवार सुबह 11 बजे जिला मुख्यालय पर देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की 61वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान श्रीराम चौराहा स्थित नेहरू सर्कल पर कांग्रेसियों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वरिष्ठ कांग्रेसियों ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के आजादी की लड़ाई में योगदान और प्रथम प्रधानमंत्री बनने और जीवन वृत्त पर प्रकाश डाला। विधायक राजन मंडलोई ने कहा कि पंडित नेहरू आधुनिक भारत के निर्माता वैज्ञानिक, आर्थिक, औद्योगिक और विभिन्न क्षेत्रों में भारत को आगे ले जाने वाले, लोकतंत्र के समर्पित संरक्षक और स्वतंत्र भारत के पहले प्रधानमंत्री थे। उनके बिना भारत का इतिहास अधूरा है। इस दौरान वरिष्ठ तुलसीराम यादव, रामलाल मुकाती, इकबाल कापड़िया, किशोरसिंह ठाकुर, सुनील यादव, शांतिलाल यादव, अजयसिंह ठाकुर, लक्ष्मण चौहान, राहुल राठौर, मनीष पुरोहित, विष्णु बनडे, सचिन यादव, नितिन यादव, अरूण यादव, हमजिया रावत, रोहित यादव, विशाल यादव मौजूद थे।

## जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि मनाई

**सेंधवा।** डाक बंगला रोड़ स्थित कांग्रेस भवन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा देश के प्रथम प्रधानमंत्री की पुण्यतिथि मनाई गई। जिला प्रवक्ता रवि अर्से ने बताया की कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पंडित जवाहर लाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र गाडवे ने कहा की पंडित नेहरू ने देश के विकास को ही सर्वोच्च स्थान पर रखा वे जानते थे कि भारत में लोग भूख से तड़पते हैं एवं उन्होंने अंग्रेजों की कई यातना झेलते हुए भारत की आजादी में अपनी अहम भूमिका निभाई। पंडितजी ने शिक्षा एवं कृषि के क्षेत्र में हो या अंतरिक्ष के क्षेत्र में हो या सेना के क्षेत्र में हो उन्होंने जो कार्य किए हुए सदैव इस देश में याद किए जाते रहेंगे। खरगोन बड़वानी लोकसभा प्रत्याशी पोरलाल खरते ने बताया की आधुनिक भारत निर्माता भारत रत्न पंडित जवाहर लाल नेहरू के प्रयासों के कारण ही आज देश प्रगति और उन्नति ओर अग्रसर है। उन्हें बच्चो से बहुत प्यार था इसलिए उनकी जयन्ती आज भी बालदिवस के रूप मे मनाई जाती है। महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुभद्रा परमार ने भी पूर्व प्रधानमंत्री के जीवन एवं देश की उन्नति एवं प्रगति में दिए उनके योगदान के बारे में बताया अन्य वक्ताओ ने भी नेहरूजी के जीवन पर प्रकाश डाला। इस दौरान मंडल अध्यक्ष अमित गुर्जर, पार्षद कय्यूम पेंटर, विधायक प्रतिनिधि नपा प्रिन्स शर्मा, समाज कल्याण प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष संजय गुप्ता, सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष किशन शर्मा, बाबदड मंडल अध्यक्ष विजय सिसोदिया, ब्लॉक महामंत्री निजाम खान, महिला जिला उपाध्यक्ष शिव कुमारी यादव, सुरेश तेलंगू, फिरोज मंसूरी, तरुण नादेकर, अजय पालीवाल, मेहरबान अली आदि कांग्रेस नेता, कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## तीन नगरों में लगेंगे विशाल तिरंगे

**मंडलेश्वर**-पहलगाम हमले में भारतीय बहनों के सिंदूर मिटाने वाले आतंकियों को 72 हूरों के पास पहुंचाने वाले भारतीय सैन्य अभियान ऑपरेशन सिंदूर को सदियों तक आतंक के आका पाकिस्तान और उसके सहयोगी तुर्की अमेरिका और चीन नहीं भूल पाएंगे। इस पराक्रम को जिस तरह भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह के माध्यम से दुनिया को बताया गया उससे हमारी भारतीय सनातन संस्कृति में नारी के महत्व उसके सम्मान को राजकीय स्वीकृति मिलती है। सेना और नारी को सम्मान देने के लिए देश भर में तिरंगा यात्राएं निकली गई और भारतीय सेना के पराक्रम को आत्मसात कर सम्मान दिया गया। विधायक राजकुमार में ने अपनी घोषणा में महेश्वर मंडलेश्व और करही नगरों में विशाल ध्वज दंड स्थापित कर उस पर उच्च गुणवत्ता वाले तिरंगे लगाने का निर्णय लिया है जिसकी ऊंचाई 16 मीटर होगी विधायक राजकुमार मेव ने बताया कि भारतीय सेना के शौर्य और ऑपरेशन सिंदूर की छाप महेश्वर की जनता के दिल दिमाग में अमिट रहेगी।


## ब्लेक स्पॉट चिन्हित कर प्रशासन ने बंद किया रास्ता,



**खरगोन।** शहर के डायवर्सन रोड़ पर जिला प्रशासन ने डिवाईडर के बीच छोड़ी गई करीब 30 फीट से अधिक की जगह का रास्ता अब बंद कर दिया है। न्यू राधावल्लभ मार्केट के व्यापारी लगातार इस रास्ते को खुलवाने की मांग कर रहे है। मंगलवार सुबह करीब 11 बजे व्यापारियों ने न्यू राधावल्लभ मार्केट में दुकानें बंद रख डायवर्सन रोड पर प्रदर्शन किया। आरती टॉकिज के सामने प्रदर्शन के दौरान एक और मार्ग की आवाजाही पूरी तरह बंद कर दी गई, जिससे कुछ ही देर में मार्ग पर जाम की स्थिति निर्मित हो गई। इस दौरान उत्साही प्रदर्शनकारी मार्ग के दूसरी और भी पहुंच गए, यहां यात्री बस के सामने लेटते हुए बस चालक से बहसबाजी भी की, हालांकि कुछ लोगों के समझाने पर एक ही ओर का रास्ता बंद कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की सूचना पर एसडीएम बीएस कलेश पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। यहां प्रदर्शन कर रहे व्यापारियों से चर्चा कर उन्हें समझाईश दी, जिसके बाद मार्ग पर आवाजाही शुरु हो सकी।

## सोमवती अमावस्या पर बारिश की कामना की

**मंडलेश्वर**-नवतपा की तपन को शांत कर अच्छी वर्षा की कामना करती बालिकाओं के छोटे छोटे दल निमाड़ की गलियों में घूमकर लोगों से पानी मांगती है। यह निमाड़ी संस्कृति का हिस्सा है जो सिर्फ सोमवती अमावस्या के दिन ही देखा जा सकता है। मंगलवार को अमावस्या पर एक ओर जहां नर्मदा स्नान करने वालो की भीड़ नगर में नजर आ रही थी



वहीं दूसरी ओर नगर के घर आंगन में छोटी छोटी बालिकाओं के गीत गूंज रहे थे सिर पर कवेलु और उस पर पलाश के पत्ते रख कर एक बालिका प्रत्येक घर के सामने जाकर गीत गाती है और घर की महिला उस बालिका के सिर पर पानी डालती है पानी डालते समय बालिका गोल गोल घूमती है उसके बाद बालिका को भेंट में अनाज आम चॉकलेट और पैसे दिए जाते है। परंपरागत रूप से गाए जाने वाले इन गीतों में कोई संदेश नहीं होता है। लेकिन निमाड़ी संस्कृति के संरक्षण और विकास के लिए संकल्पित निमाड़ के कवि और गीतकार हरीश दुबे ने इस लोकगीत में कुछ संदेश जोड़कर उसे यादगार बनाया है। सोमवती अमावस्या पर इस तरह के गीत गाकर अच्छी बारिश और सुख समृद्धि की कामना की जाती है। निमाड़ में इसे डोडगली अमोस के नाम से जाना जाता है इसका अर्थ है कि इस दिन आम के फल पक जाते है उनके डेड (डंठल) पककर गिरने लगते है। इस दिन आम का रस खाने की परम्परा भी है जिसके खाने से नवतपा की गर्मी को कम किया जा सके। इस दिन महिलाएं वट सावित्री वृत भी करती है।

# 13 वर्षीय बालक की सीने में दर्द से मौत

### बालक की मौत की खबर से खेतिया में शोक का वातावरण, लापरवाही का आरोप लगाते हुए कठौर कार्रवाई की मांग



**खेतिया, (नवभारत)।** गुजरात के नवसारी जिले में तपोवन आश्रमशाला में खेतिया के रहने वाले सचिन भंसाली के पुत्र 13 वर्षीय छात्र मेघ भंसाली को रात में हॉस्टल में सीने में दर्द उठा था। उसने सहायक को इसकी जानकारी भी दी, लेकिन उसने इसे सामान्य समझा। बालक तड़पता रहा। सुबह उसे अस्पताल ले जाया गया। तब तक बहुत देर चुकी थी। समय पर ईलाज नहीं मिलने से छात्र की मौत हो गई। घटना 24 मई को रात 1 बजे की है। मेघ भंसाली बड़वानी के खेतिया का रहने वाला था, जो फिलहाल शहादा महाराष्ट्र में रह रहे हैं। परिवार ने दोषियों पर कार्रवाई के लिए पुलिस को आवेदन दिया है। हालांकि नवसारी ग्रामीण पुलिस ने डॉ की प्रारंभिक जांच के आधार पर आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। इधर आश्रम प्रबंधन ने लापरवाही समक्ष आ रही है। बालक की मौत की खबर से शोक का वातावरण बना, सभी ने लापरवाही के लिए कठौर कार्रवाई की मांग की है।

**▶ बालक ने दी थी जानकारी**

**▶ रात में बालक ने सीने में दर्द उठने की जानकारी दी थी।**

## पटवारियों ने किया फसलों का आंकलन

**खेतिया।** विगत दिनों चली तेज हवा के कारण क्षेत्र में फसलों को नुकसान पहुंचा है। जिसके चलते केले की खड़ी फसल कई जगह गिर गई है, जिसकी सूचना तहसीलदार सुनील सिसोदिया को मिलने पर उन्होंने तत्काल किसानों के हित में निर्णय करते हुए राजस्व विभाग के पटवारी व कर्मचारियों को फसलों के नुकसान का पंचनामा आवश्यक कार्रवाई करने के लिए भेजा है। पिछले दिनों तेज हवा आंधी के चलने से क्षेत्र में कई स्थानों पर खेतों में खड़ी फसल को नुकसान पहुंचा। जिसके चलते किसान नुकसान के मुआवजे की भी मांग कर रहे हैं। तहसीलदार सुनील सिसोदिया द्वारा त्वरित रूप से कार्रवाई को लेकर किसानों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। तहसीलदार ने बताया कि हवा आंधी से खेतों में खड़ी फसलों के नुकसान का आंकलन किया जा रहा है। प्रकरण बनाकर मुआवजे के लिए भेजे जा रहे हैं।



## कलेक्टर ने लगाया जुर्माना

**बड़वानी।** कलेक्टर गुंचा सनोबर ने सीएम हैल्पलाईन पोर्टल पर माह अप्रैल 2025 में अनिराकृत पाई गई शिकायतों का निराकरण संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा नहीं करने एवं वरिष्ठ कार्यालयों द्वारा निर्देश के बाद भी निर्देशों की अव्हेलना करने के चलते प्रति शिकायत 1000 रूपए के मान से 5 शिकायतों के लिए अधिकारियों पर जुर्माना अधिरोपित किया है। साथ ही आदेशित किया है कि शिकायतों का अनिराकृत होने की पुर्नावृत्ति न हो। अर्थदण्ड की राशि 7 दिन में जमा कर लोक सेवा प्रबंधन विभाग को रसीद की छायाप्रति उपलब्ध कराएंगे।

# रिकॉर्ड में छेड़छाड़ कर भूखंड का क्षेत्रफल बढ़ाने के आरोप

### तहसील कार्यालय में हो रही जांच

**पानसेमल, (नवभारत)।** तहसील के ग्राम जलगोन में भवन पंजी के शासकीय रिकॉर्ड में छेड़छाड़ कर भूखंड की लंबाई और चौड़ाई बढ़ाने के आरोप की जांच तहसील कार्यालय में की जा रही है। मामले को लेकर तहसीलदार सुनील सिसोदिया ने बताया कि ग्राम जलगोन में आबादी की भूमि पर दर्ज एक भूखंड का साईज का पंचायत रिकॉर्ड में अलग है और रजिस्ट्री में उसी भूखंड का साईज अधिक दर्शाया गया है। जिसमें फर्जी तरीके से हस्ताक्षर कर भूखंड की रजिस्ट्री करने के आरोप लगे हैं। ये रजिस्ट्री शासकीय भूमि या निजी भूमि की है, यह जांच का विषय है। तहसील कार्यालय में प्रकरण दर्ज कर उसकी जांच की जा रही है। रिकार्ड में छेड़छाड़ किनके द्वारा की है इसकी भी जांच की जाएगी और जांच में दोषी पाए जाने पर दोषियों के विरुद्ध वैधानिक धाराओं में कार्रवाई की जाएगी। ग्राम के प्रभारी सचिव रतिलाल बर्डे एवं ग्राम के निवासी कैलाश नामदेव जगदाले ने तहसील कार्यालय में लिखित में शिकायत दर्ज कराई है।



## हनुमान मंदिर प्रांगण में की साफ–सफाई

नवभारत न्यूज़

**सेंधवा।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद आर्थिक एवं सांख्यिकीय विभाग मप्र शासन निवाली सेक्टर में जल गंगा सवर्धन अभियान अंतर्गत वझर स्थित हनुमान मंदिर प्रांगड़ में साफ–सफाई का कार्य किया गया। मंदिर परिसर में स्थित क्षतिग्रस्त सोखता गड्ढे को ठीक कर नाली का निर्माण किया। साथ ही वट सावित्री पूजन के अवसर पर मंदिर परिसर में संगोष्ठी एवं पौधारोपण किया। जन अभियान परिषद निवाली ब्लॉक समन्वयक आपसिंह चौहान ने विद्यार्थियों, ग्रामीणों एवं भक्तों को जल संरक्षण की शपथ दिलाकर वर्षा जल को संरक्षित करने के लिए प्रेरित किया। आवश्यक सामग्री जैसे गैती, पावड़ा, तगारी एवं अन्य संसाधन की व्यवस्था सेक्टर प्रभारी रामलाल सोलंकी ने की।

**एक नजर में** ▶ विधायक श्याम बर्डे ने की मंत्री से मांग, आईटीआई में बढ़ाए जाए ट्रेड

# प्रशिक्षकों के पदों की पूर्ति की जाए



**नवभारत न्यूज़**
**खेतिया, 28 मई.** नगर में चल रहे आयटीआई में क्षेत्र की मांग अनुरूप ट्रेंड नहीं है। वहीं प्रशिक्षकों की कमी बनी ही है। क्षेत्रीय विधायक श्याम बर्डे ने कौशल विकास मंत्री गौतम टेटवाल से प्रतिनिधि मंडल सहित भेंट कर खेतिया में संचालित हो रहे आयटीआय में नवीन ट्रेड प्रारम्भ करने की स्वीकृति प्रदान करने व ट्रेड अनुसार प्रशिक्षकों की नियुक्ति करने की मांग रखी।

मंत्री टेटवाल ने क्षेत्र की मांग पर सैद्धांतिक सहमति जताते हुए स्वीकृति के लिए आश्वस्त किया।

विधायक श्याम बर्डे ने बतलाया कि वर्तमान में खेतिया संस्थान में सीमित ट्रेड ही संचालित हो रहे हैं। जिससे छात्रों की संख्या एवं उनके रोजगार के अवसरों में बाधा उत्पन्न हो रही है। साथ ही प्रशिक्षकों की संख्या भी अत्यल्प है, जिससे प्रशिक्षण की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। संस्थान में नवीन ट्रेड मोटर मैकेनिक व्हीकल, डीजल मैकेनिकल, सोलर टेक्नीशियन, रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडिशनिंग, सिलाई एवं ब्यूटी पार्लर प्रारंभ किए जाने व स्टॉफ की कमी को शीघ्र दूर करने प्रशिक्षकों की नियमित नियुक्ति की जाने की मांग रखी। जिस पर मंत्री ने सैद्धांतिक सहमति जताते हुए शीघ्र स्वीकृति के लिए आश्वस्त किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष अजय यादव सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

विधायक बर्डे ने कहा कि पानसेमल क्षेत्र आदिवासी एवं सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण यहां के युवाओं के लिए आईटीआई एकमात्र व्यावसायिक प्रशिक्षण का केंद्र है। यदि इसे पर्याप्त संसाधन एवं स्टॉफ उपलब्ध कराया जाए, तो यह आत्मनिर्भर भारत अभियान को मजबूती देने में सहायक सिद्ध होगा।

# गोगावां और भीकनगांव थानाक्षेत्र में 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया

**खरगोन/ भीकनगांव।** जिले में अवैध हथियार निर्माण एवं खरीद- फरोख्त के खिलाफ पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार छेड़ा है। इस अभियान के तहत लगातार अवैध हथियार खरीद-फरोख्त पर निगरानी रख रही पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। जिले के गोगावां और भीकनगांव थानाक्षेत्र में 06 आरोपीयो को गिरफ्तार कर करीब 8 लाख 75 हजार रुपए का मश्रुका बरामद किया गया है। दोनो थानों पर की गई कार्रवाई में इंदौर, उत्तरप्रदेश और ग्वालियर के हिस्ट्रीशटर बदमाश गिरफ्तार किए गए है। इस कार्रवाई में एक बार फिर सिगनुर का नाम सामने आया है, जहां से इन बदमाशों ने हथियार खरीदे थे। अवैध हथियार निर्माण एवं खरीद-बिक्री मामले में सिगनुर पुलिस के लिए सिरदर्द बना हुआ है।



मंगलवार को मामले का खुलासा करते हुए एसपी धर्मराज मीना ने बताया कि थाना गोगावां पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम सिगनूर से पगडंडी के रास्ते रेटवा तालाब तरफ जा रहे दो संदिग्धों को हिरासत में लिया। दोनों व्यक्ति पुलिस टीम को देख भागने लगे, दोनोंको घेराबंदी कर पकड़ा।

दोनों ने अपना नाम शकील पिता जान मोहम्मद निवासी ग्राम बखोपुर जिला प्रयागराज उत्तरप्रदेश एवं दूसरे ने अपना नाम रवि बाबू खान पिता बब्बू खान उर्फ नन्नु उम्र 52 वर्ष निवासी ग्राम बखोपुर जिला प्रयागराज उत्तरप्रदेश का होना बताया। पुलिस टीम ने शकील व रवि बाबू की जामा तलाशी ली व उसके पास मिले बेग को चेक करने पर रवि बाबू के पास से 05 देशी पिस्टल व 02 अतिरिक्त मैग्जिन एवं शकील के पास से 03 देशी पिस्टल व 01 अतिरिक्त मैग्जिन मिली। दोनों के कब्जे से करीब 2 लाख रुपए कीमत की 8 नग देशी पिस्टल बरामद की गई। आरोपियों का अपराधिक रिकार्ड खंगालने पर यूपी के कई थानों पर इनके खिलाफ अपराधिक प्रकरण दर्ज है।

# जिले के विद्यार्थियों को विधि के क्षेत्र में किसी कोर्स के लिए पलायन नहीं करना होगा : डॉ. शैल जोशी

**खरगोन.** विधि महाविद्यालय के नवीन भवन में महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति की बैठक दिनांक 26 मई को सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रबी.एस. कलेश द्वारा की गई। बैठक में महाविद्यालय की प्राचार्य एवं जनभागीदारी समिति की सचिव डॉ. शैल जोशी, सांसद प्रतिनिधी अधिवक्ता विकास बार्चे, जिला कोषालय अधिकारी हेमलता शर्मा, कार्यपालन यंत्री पी.आई.यू. पवन डावर, विधि विभागाध्यक्ष चन्द्रभान त्रिवेदी, डॉ. दिग्विजय सिंह मंडलोई सहायक प्राध्यापक विधि, गोविन्द यादव ग्रंथपाल, डॉ. विपिन सोनी अतिथि विद्वान विधि श्री निशान्त दुबे अतिथि विद्वान विधि उपस्थित हुए।



बैठक में प्राचार्य डॉ. शैल जोशी ने विधि महाविद्यालय में दो नवीन पाठ्यक्रम बीए एलएलबी और एल एल. एम आरम्भ किये जाने एवं विश्वविद्यालय और बीसीआई से मान्यता लिये जाने संबंधी प्रस्ताव, लिपिक एवं भृत्य की व्यवस्था का प्रस्ताव विद्यार्थियों के लिये स्मार्ट आई डी कार्ड, गैर शैक्षणिक गतिविधियों में भाग लेने वाले विद्यार्थियों के लिये प्रमाण पत्र, प्राविण्य सूचि में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए मेडल एवं शील्ड की व्यवस्था का प्रस्ताव महाविद्यालय में खेल मैदान के समतलीकरण, वृक्षारोपण, कार्यालय में सेक्शन निर्माण आदि के प्रस्ताव बैठक में रखे। इन प्रस्तावों का विस्तृत ब्योरा वित्तिय भार सहित अध्यक्ष एवं सदस्यों के समक्ष विधि विभागाध्यक्ष चन्द्रभान त्रिवेदी ने प्रस्तुत किया। सभी प्रस्तावों को परीक्षण के बाद समिति ने सर्वसहमति से स्वीकार किया। समिति के अध्यक्ष अनुविभागीय अधिकारी राजस्व खरगोन बी.एस. कलेश ने प्रत्येक प्रस्तावों पर प्राचार्य डॉ. शैल जोशी से विस्तृत चर्चा की एवं प्रस्तावों को मंजूरी दी।

> महाविद्यालय की प्राचार्य एवं जनभागीदारी समिति की सचिव डॉ. शैल जोशी ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में लिये गए सभी निर्णय ऐतिहासिक है एवं खरगोन जिले में विधि के क्षेत्र में क्रांति लाने वाले है। खरगोन एवं आसपास के जिलों के विद्यार्थियों को विधि के क्षेत्र में किसी कोर्स के लिए बड़े शहरों की ओर पलायन नहीं करना होगा। विदित हो कि पिछले वर्ष अक्टुबर माह में भी प्राचार्य डॉ. शैल जोशी के मार्गदर्शन में समिति की बैठक आयोजित करवाई गई थी। जिसमें महाविद्यालय में मूट कोर्ट का निर्माण सीसीटीवी कैमरे लगवाने आदि कार्य स्वीकृत किये गए थे जो पूर्ण किये जा चुके है।

## चौकी प्रभारी लाईन हाजिर, ग्रामीणों ने कार्रवाई पर उठाए सवाल, दिया धरना

**खरगोन।** जिले के बलकवाडा थानाक्षेत्र की खलटांका पुलिस चौकी पर पदस्थ चौकी प्रभारी को लाईन हाजिर किया गया है। इस विभागीय कार्रवाई पर क्षेत्र के ग्रामीणों ने सवाल खड़े करते हुए दोबारा चौकी पर पदस्थी की मांग को लेकर एसपी कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया। मंगलवार को एसपी कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों ने एसपी से मुलाकात करना चाही, लेकिन एसपी ने मुलाकात का समय नही दिया, जिससे ग्रामीण आक्रोषित हो गए और धरना दे दिया। ग्रामीण रोहित अग्रवाल ने बताया कि खलटांका चौकी प्रभारी राजेंद्र अवास्या की कार्यशैली से ग्रामीण संतुष्ट थे, उनका कार्यकाल आमजन के प्रति पुलिस पर भरोसा कायम करने वाला रहा। अब उन्हें लाईन हाजिर कर दिया यगा है। अचानक हुई इस कार्रवाई पर एसपी से मुलाकात करने पहुंचे, लेकिन एसपी ने उन्हें समय नही दिया, इससे ग्रामीणों में नाराजगी है। हमारी मांग है कि श्री अवास्या को वापस चौकी का चार्ज दिया जाए।

# जनसुनवाई में सुनी गई 81 आवेदकों की समस्याएं

**खरगोन. प्रत्येक मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई की कड़ी में 27 मई को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इसमें संयुक्त कलेक्टर हेमलता सोलंकी एवं डिप्टी कलेक्टर प्रताप कुमार आगास्या ने अन्य अधिकारियों के साथ आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को उनका त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में 81 आवेदक अपनी समस्याएं लेकर आए थे।**

जनसुनवाई में वार्ड क्रमांक 12 खण्डवा रोड़ खरगोन के 62 वर्षीय सुरेशचंद्र आयुष्मान कार्ड बनवाने व बीपीएल पर्ची में नाम जुड़वाने की मांग लेकर आये थे। उनका कहना था कि आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए संपर्क किया गया। लेकिन आयुष्मान कार्ड नहीं बनाया जा रहा है और न ही आयुष्मान कार्ड बनाने का कारण बताया जा रहा है। सुरेशचंद्र का कहना है कि बीपीएल पर्ची में नाम जुड़ाने के लिए लोक सेवा केन्द्र में संपर्क किया गया। किन्तु लोक सेवा केन्द्र द्वारा आवेदन लेने से मना कर दिया और नाम नहीं जोड़ा जा रहा है। इस संबंधित में सीएमएचओ और एसडीएम खरगोन को आवश्यक कार्यवाही करने कहा गया है।

जनसुनवाई में खरगोन के इमामद्दीन जोए भतीजी जुबेदा पिता फखरूद्दीन का दाखिला दिलाने की मांग लेकर आये थे। उनका कहना था कि जुबेदा को शाासकीय कन्या उर्दू प्राथमिक विद्यालय खरगोन में भर्ती कराया गया था। जहां उसे चौथी कक्षा के बाद शाला त्याद दी थी। अब उसे दाखिले की आवश्यकता है लेकिन कन्या उर्दू प्राथमिक विद्यालय द्वारा दाखिला नहीं दे रहे हैं और पिछले छः माह से दौड़ा रहे है।

उनका यह कहना था कि हमारे पास रिकार्ड नहीं है। जनसुनवाई में गोगांवा तहसील के उमरखली निवासी दिनेश पिता सिकदार प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग लेकर आये थे। दिनेश का कहना था कि मैं झोपड़ी में निवास करता हूं। बारिश के दिनों में बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है। सरपंच व सचिव घर की फोटो खींचकर ले गए हैं लेकिन आवास योजना का लाभ नहीं दिया जा रहा है।